हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार 8 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

11 गंदे नाले में तब्दील हुआ गांव लांबा खेड़ी का ढाब...



10 एसआईआर में अच्छा काम करने वाले आठ...



## खबर संक्षेप

### अधेड़ ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

**कैथल।** शहर की भगत सिंह कॉलोनी के पास रेलवे ट्रैक पर सोमवार देर रात नरवाना-कुरुक्षेत्र रेल मार्ग पर ट्रेन की चपेट में आने से करीब 55 साल के बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। जिले में इस साल ट्रेन की चपेट में आने से मौत के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। पिछले सात महीनों में 20 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। जीआरपी अनुसार हादसे के बाद ट्रेन कुछ समय तक मौके पर रुकी रही। यात्रियों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जीआरपी की जांच अधिकारी सीमा ने बताया कि मृतक के पास कोई पहचान संबंधी दस्तावेज नहीं मिला।

### दुकान के बाहर से बाइक चोरी, मामला दर्ज

**कैथल।** पूंडरी में एक दुकान के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। पूंडरी थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने घटना के बाद करीब एक माह तक अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस को दी शिकायत में गांव फतेहपुर निवासी विशाल ने बताया कि वह पंजाब नेशनल बैंक के पास स्थित सिटी फैशन गारमेंट्स की दुकान पर काम करता है। 3 जून 2026 को उसकी स्प्लेंडर प्लस बाइक दुकान के बाहर पेड़ के नीचे खड़ी की थी। दोपहर करीब 2 बजे बाहर आने पर बाइक गायब मिली।

### रास्ता रोक किया हमला पांच लोगों पर केस दर्ज

**जींद।** गांव हाट खेत में पानी देने के दौरान हुई कहासुनी के चलते हमला कर एक व्यक्ति को घायल करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव हाट निवासी राजवीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रात को अपने खेत में पानी देने गया हुआ था। उस दौरान पड़ोसी अजय शराब के नशे में था। जिसके साथ उसकी कहासुनी हो गई। उस समय तो मामला शांत हो गया। सुबह जब वह घुमने निकला तो अजय तथा उसके परिजनों ने हमला कर दिया। जिसमें उसे काफी चोटें आई। पुलिस ने शिकायत पर अजय, सज्जन को नामजद कर तीन अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दरवाजा लगाने के विवाद में तीन घायल, आठ फंसे

**जींद।** गांव किनाना में दरवाजा लगाने के विवाद के चलते हमला कर तीन लोगों को घायल करने पर सदर थाना पुलिस ने आठ लोगों को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव किनाना निवासी कुलदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका चचेरा भाई भूपेंद्र अपने मकान का दरवाजा लगा रहा था। जिस पर जिस पर बारू परिवार ने ऐतराज जताया। जिसको लेकर आपस मे कहासुनी हो गई। देर रात को बारू परिवार के लोग उनके घर मे घुस आए और हमला करदिया। ग्रामीणों ने बीच वचाव कर उन्हें हमलावरों की चंगुल से छुड़वा नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। शिकायत पर बारू, दीपू, छज्जु, धर्मबीर, राजू, शौकी, रविंद्र, संजय को नामजद कर छह अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### घर में घुसकर मारपीट घरेलू सामान तोड़ा

**जींद।** गांव भुसलाना में रंजिशन घर में घुस हमला कर मारपीट करने तथा तोडफ़ोड़ करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव भुसलाना निवासी नरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत चार मई को उसकी फोन पर गांव के ही आदेश से कहासुनी हो गई थी। रात को आदेश तथा उसके साथी उनके घर में घुस आए और उसके परिवार पर हमला कर दिया।

## आज मुख्यमंत्री करेंगे जींद में रैली स्थल व जंक्शन का दौरा

# जींद से 17 को हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे पीएम मोदी : डा. मिड्ढा

**इको फ्रेंडली होगी रैली, करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं की मिलेगी सौगात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि आगामी 17 जुलाई का दिन हरियाणा के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज होने वाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जींद आ रहे हैं, जहां वे भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन और हाइड्रोजन गैस प्लांट का उद्घाटन करेंगे। वहीं भिवानी एवं नारनौल मेडिकल कालेज का लोकार्पण किया जाएगा। इससे दक्षिण हरियाणा में स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत होंगी।

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा मंगलवार को विश्राम गृह में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इसी दिन अंबाला-काला अंब ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे (लगभग 40 किमी) का शिलान्यास और कई राष्ट्रीय राजमार्गों का उद्घाटन होगा। कुरूक्षेत्र में सिख संग्रहालय का शिलान्यास किया जाएगा। इन परियोजनाओं से औद्योगिक विकास, बेहतर यातायात, रोजगार के नए अवसर और क्षेत्रीय समृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि आठ जुलाई बुधवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी जींद आ रहे हैं और जींद जंक्शन तथा रैली स्थल का दौरा करेंगे। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि प्रधानमंत्री के समक्ष सर्कल की डीपीआर व एक नेशनल लेवल के स्टेडियम की मांग करेंगे। रैली को पूरी तरह इको फ्रेंडली बनाने पर जोर देते हुए कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि पर्यावरण प्रदूषण को कम किया जाए। उन्होंने कहा कि यह केवल जींद जिले के लिए नही बल्कि पूरे हरियाणा और देश के लिए स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।



जींद। पत्रकारों से बातचीत करते विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा।

**आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मिलेगी मजबूती**

प्रधानमंत्री मोदी देश की ही नही एशिया की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह पर्यावरण संरक्षण, आधुनिक तकनीक और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को नई मजबूती देगा। डा. कृष्ण मिड्ढा ने हरियाणावासियों से अपील की कि वे 17 जुलाई को जींद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशाल जनसभा में बड़ी संख्या में पहुंचें। उन्होंने कहा कि यह हरियाणा के लिए गौरव का क्षण है। पूरी एशिया में किसानों की मजबूती के लिए प्रधानमंत्री का यह दौरा यादगार बनेगा। यह दौरा हरियाणा के विकास, स्वास्थ्य शिक्षा और बुनियादी ढांचे को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाला साबित होगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष तिजेंद्र ढुल, सीएम के मीडिया कोर्डिनेटर अशोक छाबड़ा, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता रामराजी शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी राकेश बूरा सहित अनेक गणमान्य लोग व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



जींद। निरीक्षण करतीं डीसी डा. वैशाली शर्मा और एसपी कुलदीप सिंह।

### जनसभा स्थल का डीसी-एसपी ने किया निरीक्षण

**जींद।** आगामी 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रस्तावित जनसभा के मद्देनजर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। डीसी डा. वैशाली शर्मा व पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने मंगलवार को प्रस्तावित जनसभा स्थल तथा आसपास के क्षेत्रों का संयुक्त निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान एसडीएम सत्यवान सिंह मान, डीएमसी अनिल दून, सीटीएम मोनिका रानी, जीएम रोडवेज राहुल जैन समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान डीसी डा. वैशाली शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर प्रशासन पूरी गंभीरता एवं समन्वय के साथ कार्य कर रहा है। सभी विभाग आपसी तालमेल बनाकर अपनी जिम्मेदारियों का समयबद्ध तरीके से निर्वहन करना सुनिश्चित करें ताकि कार्यक्रम का सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन किया जा सके। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ लगते ड्रेनेज सिस्टम की सफाई एवं मरम्मतए स्ट्रीट लाइटों को सुचारू रूप से चालू कराने तथा स्पीड ब्रेकरों की आवश्यक मरम्मत एवं पेंटिंग का कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा सड़क किनारे उगी झाडियों की सफाई, जलभराव वाले स्थानों का तत्काल समाधान, मार्गों की साफ.-सफाई तथा सौंदर्यीकरण पर भी विशेष ध्यान देने को कहा। इस अवसर पर डीसी ने अधिकारियों द्वारा बनाए गए मैपिंग की रूप रेखा का भी अध्ययन किया और मीडिया गैलरी, वीआईपी पार्किंग, सांस्कृतिक मंच आदी के बारे में भी विस्तार से जानकारी ली। डीसी ने लोक निर्माण विभागए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, नगर परिषद, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, बिजली निगम तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी आवश्यक कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण कर लिए जाएं। करते हुए अधिकारियों को यातायात प्रबंधनए पार्किंग व्यवस्था, बैरिकेडिंग, आपातकालीन निकास मार्ग, वीआईपी मूवमेंट तथा सुरक्षा संबंधी सभी मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## खुलासा: छत से नहीं गिरा था मजदूर

# पीट-पीट कर साथियों ने की थी हत्या, 4 पर केस

- बिहार पुलिस ने चार लोगों पर हत्या का मामला दर्ज कर जीरो एफआईआर सफीदों पुलिस को भेजी
- बिना पोस्टमार्टम कराए शव को बिहार ले गए थे आरोपित
- गांव मुआना में गत 18 जून को हुई थी बिहारी मजदूर की संदिग्ध मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव मुआना के निकट लगभग बीस दिन पहले मजदूर की मौत छत से गिर कर नही हुई थी बल्कि उसके मजदूरों ने योजनाबद्ध तरीके से पीट-पीट कर की थी। सदर थाना सफीदों पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर चार साथी मजदूरों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताते चले कि गांव मच्छटटा जिला पूर्णिया बिहार निवासी जब्बार (45) गांव के ही ताजीम, सुरेश, संजय चौधरी तथा पेलत के साथ गांव मुआना में धान रोपाई के लिए आया हुआ था। खेत में बने कमरे में साथी मजदूरों के साथ रह रहा था। गत 18 जून को जब्बार की संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। उस दौरान बताया गया था कि जब्बार शराब के नशे में रात को छत से नीचे गिर गया। साथी मजदूर मृतक का बिना पोस्टमार्टम कराए अंतिम संस्कार के लिए उसे बिहार के पैतृक गांव मच्छटटा ले गए। सदर थाना सफीदों प्रभारी राजेश ने बताया कि गांव मुआना मे मजदूर की संदिग्ध मौत हो गई थी। अब बिहार पुलिस से हत्या की जीरो एफआईआर मिली है। फिलहाल चार लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

### अच्छे मुनाफे का झांसा देकर लाए थे आरोपित

मृतक के भाई जलाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि की चारों आरोपित उसके भाई जब्बार से रंजिश रखे हुए थे। मजदूरी में अच्छे मुनाफे का झांसा देकर आरोपित उसके भाई को अपने साथ गांव मुआना ले गए थे। 17 जून को मृतक जब्बार की पत्नी शहजादी ने फोन कर जलाल को बताया था कि ताजीम तथा संजय उसके पति को जान से मारने की धमकी दे रहे है। 18 जून को तामीज ने फोन कर बताया कि जब्बार छत से गिर गया है। जब वे आने की तैयारी में थे तो उन्हें बताया कि जब्बार की डेड बॉडी को लेकर घर आ रहे हैं। जब उन्होने शव देखा तो उन्हे संदेह हुआ।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ हत्या का खुलासा

जब मृतक जब्बार का शव गांव में पहुंचा तो शरीर पर चोटों के निशान देख संदेह हुआ। जिसकी शिकायत संबंधित थाना अमौर से की गई। जिसके आधार पर मृतक का पोस्टमार्टम करवाया गया। जिसकी रिपोर्ट में हत्या का खुलासा हुआ। जिसमें जब्बार की मौत चोटें लगने से हुई थी। जिस पर अमौर थाना पुलिस ने मृतक के बड़े भाई जलाल की शिकायत पर मृतक के साथी ताजीम, सुरेश, संजय चौधरी तथा पेलत के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया। जिसकी जीरो एफआईआर दर्ज कर सदर थाना सफीदो को भेज दी।

# संदिग्ध हालात में ट्रेन के आगे कूदा युवक, मौत

- विक्की रोहतक में करता था काम, जींद कब आया परिजनों को पता नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव पिंडारा रेलवे स्टेशन के निकट जींद-पानीपत रेलवे लाइन पर बीती रात संदिग्ध हालात में युवक ने रेलगाड़ी के आगे आत्महत्या कर ली। रेलवे थाना पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया।

इम्पलॉयज कालोनी निवासी विक्की (21) रोहतक किसी कपंनी में काम करता था। जिसने बीती रात गांव पिंडारा रेलवे स्टेशन के निकट रेलगाड़ी के आगे आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पाकर रेलवे थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक की जेब से मिले दस्तावेज के आधार मृतक की पहचान संभव हो पाई। मृतक के पिता जरनैल ने बताया कि विक्की से अक्सर बातचीत होती थी। शनिवार को घर आने की बात कह रहा था लेकिन वह घर नही आया। घर न आने पर विक्की से बात भी हुई थी। सब कुछ ठीक था। विक्की ने ऐसी को बात भी नही की कि वह परेशान हो। अब विक्की कब जींद आया उसके बारे में उन्हें कोई पता नही है। विक्की ने यह कदम क्यों उठाया, यह उनकी समझ से परे है। रेलवे पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। रेलवे थाना प्रभारी रणबीर सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों ने कोई किसी पर आरोप नही लगाया है। फिलहाल शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### गर्भवती महिला से मारपीट कर उसका गर्भ गिराने का प्रयास, मामला दर्ज

**कैथल।** चीका पुलिस ने दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर गर्भवती महिला से मारपीट कर उसका गर्भ गिराने की कोशिश करने के आरोप में पति और सास के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही उससे दहेज में स्विफ्ट कार और सोने का हार लाने की मांग की जा रही थी। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई और गर्भपात कराने के लिए पेट में लात मारी गई। पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में चीका के एक गांव निवासी 23 साल की विवाहिता ने बताया कि उसकी शादी 15 नवंबर 2025 को अंबाला जिले के युवक शिवम के साथ हुई थी। शादी के बाद से पति शिवम और सास विजयलक्ष्मी दहेज को लेकर ताने देते थे। 27 जून को सास ने कथित रूप से पेट में लात मार दी, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। अगले दिन उसे मायके छोड़ दिया गया।

# प्रसव पीड़ा के दौरान मां व बच्चे की मौत

- रातभर इलाज के लिए घूमते रहे परिजन,डिलीवरी से पहले ही हो चुकी थी बच्चे की मौत
- नागरिक अस्पताल में प्रसुता की भी मौत होने से मचा कोहराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नरवाना खंड के गांव कोयल की रहने वाली एक गर्भवती महिला व जन्म लेने से पहले ही उसके बच्चे की भी मौत हो गई। बच्चे की मौत गर्भ में ही हो गई थी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला की डिलीवरी हुई। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डिलीवरी के बाद परिजन उसे नागरिक अस्पताल जींद में ले आए। यहां सुबह महिला की भी मौत हो गई। गढ़ी थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया है। गांव कोयल निवासी अजय की पत्नी ज्योति (21) आठ महीने की गर्भवती थी। सोमवार शाम को अचानक उसकी तबियत बिगड़ गई। अजय व उसके परिजन ज्योति को लेकर कैथल के एक निजी अस्पताल में चले गए। यहां ज्योति को कुछ आराम हो गया तो परिजन उसे घर ले आए। इसके बाद फिर ज्योति को दिक्कत हो गई। परिजन उसे पीएचसी धनौरी ले गए। यहां भी आराम नहीं हुआ तो ज्योति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उझाना लाया गया। यहां पर चिकित्सकों ने बताया कि बच्चे की गर्भ में ही मौत हो चुकी है। यहां पर उसकी डिलीवरी करवाई गई। यहां से भी ज्योति की तबीयत ज्यादा खराब होने के कारण नागरिक अस्पताल जींद ले आए। मंगलवार सुबह ज्योति नागरिक अस्पताल जींद पहुंची। यहां कुछ ही देर में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर गढ़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। नागरिक अस्पताल जींद से महिला की मौत का समाचार मिला था। अस्पताल में जाकर परिजनों के बयान दर्ज किए गए हैं। परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



जींद। नागरिक अस्पताल में मृतका के शव का पोस्टमार्टम करवाने आए परिजन।

### सवा साल के बच्चे को छोड़ गई ज्योति

अजय ने बताया कि वह मेहनत मजदूरी का काम करता है। ज्योति का मायका ढाबी टेक सिंह है। ज्योति को रात को कैथल से उसके मायका पक्ष के लोग ढाबी टेकसिंह भी ले गए थे। सवा साल पहले ज्योति ने एक लड़के को जन्म दिया था। उस समय कैथल के एक निजी अस्पताल में ज्योति की डिलीवरी आपरेशन से हुई थी। ज्योति घर पर ही काम करती थी।

### बोलीं चिकित्सक

महिला रोग विशेषज्ञ डा. मंजू सिंगला ने बताया कि सुबह साढ़े चार बजे ज्योति को नागरिक अस्पताल लेकर आया गया था। यहां कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। मौके पर चार डाक्टर मौजूद थे। ज्योति में डेढ़ ग्राम खून था। उसका ब्लडप्रेशर भी बहुत लो हो गया था। गर्भ में ही बच्चे की दो से तीन दिन पहले मौत हो चुकी थी। पहले ज्योति को एक बच्चा है, जो आपरेशन से हुआ था। इसके बावजूद स्वजनों ने ध्यान नहीं दिया।

## लघु सचिवालय के निकट ऑडिटोरियम साइट प्लान हुआ स्वीकृत

# कैथल को मिलेगा ऑडिटोरियम का तोहफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की बजट की घोषणा अनुसार जिले को अब ऑडिटोरियम का तोहफा मिलने जा रहा है। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ने लघु सचिवालय के निकट भव्य ऑडिटोयिरम बनाए जाने को मंजूरी दे दी है। अब नगर निकाय विभाग द्वारा यहां सभी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित ऑडिटोरियम का निर्माण किया जाएगा। डीसी अपराजिता ने बतौर डीसी ज्वाइन करते ही इस योजना को सिरे चढ़ाने के प्रयास शुरू कर दिए थे। इन्हीं प्रयासों का नतीजा है कि ऑडिटोरियम के लिए जगह फाइनल हो गई है।

**निजी संस्थानों में करवाने पड़ते हैं सरकारी कार्यक्रम**

जिले में ऑडिटोरियम की सुविधा न होने के कारण कई बार सरकारी कार्यक्रम निजी संस्थानों में करवाने पड़ते हैं। इसी कारण शुरू से ही एक बड़े एवं आधुनिक ऑडिटोरियम की जरूरत है। जहां कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए आमजन की भागीदारी के साथ सरकारी कार्यक्रम हो सकें। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने बजट भाषण में प्रत्येक जिले में ऑडिटोरियम बनाए जाने की घोषणा की थी। इसी घोषणा को अमलीजामा पहनाने के लिए डीसी अपराजिता ने बतौर डीसी ज्वाइन करते ही जिले की इस समस्या को समझा और इस दिशा में प्रयास शुरू किए। उन्होंने जमीनी स्तर पर विभिन्न विभागों में इस संबंध में आवश्यक पड़ताल करवाई और सेक्टर 19-3 में लघु सचिवालय के निकट जगह चिन्हित करते हुए अधिकारियों को केस बनाकर भेजने के निर्देश दिए।

जिला नगर आयुक्त कपिल शर्मा ने कहा कि जैसे ही जमीन विभाग को हस्तांतरित होती है, उसी अनुसार साइट प्लान बनाकर विभाग से मंजूरी लेकर काम शुरू कर दिया जाएगा।

**सेक्टर 19 में यह ऑडिटोरियम बनाया जाएगा**



डीसी अपराजिता ने बताया कि जिला स्तर पर एक बड़े ऑडिटोरियम की आवश्यकता है, ताकि विभिन्न विभागों द्वारा आमजन को लाभ पहुंचाने के लिए आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम, प्रदर्शनी व अन्य बड़े आयोजन किए जा सकें। इसके लिए प्रयास शुरू किए गए थे। माननीय मुख्यमंत्री की जिला स्तर पर ऑडिटोरियम बनाए जाने की घोषणा अनुसार सेक्टर 19 में यह ऑडिटोरियम बनाया जाएगा। एचएसवीपी ने यहां इसके लिए मंजूरी दे दी है।

### लगातार प्रयास से मिली सफलता

बता दें कि डीसी अपराजिता के प्रयास केवल जिला स्तर पर ही अधिकारियों को निर्देश देने तक सीमित नहीं रहे। उन्होंने लगातार मुख्यालय स्तर पर अधिकारियों से इस संबंध में बात की। इन्हीं प्रयासों का नतीजा है कि एचएसवीपी ने अब लघु सचिवालय के निकट सेक्टर 19-3 की जगह में ऑडिटोरियम बनाए जाने की मंजूरी दे दी है। जिले में एचएसवीपी के कार्यकारी अधिकारी वकील अहम ने बताया कि सेक्टर 19-3 में चार एकड़ जगह में विभाग मुख्यालय ने ऑडिटोरियम बनाए जाने की मंजूरी दे दी है। अब इस साइट का जोन प्लान तैयार करके स्थानीय निकाय विभाग को दिया जाएगा। इसके बाद आगे की कार्रवाई स्थानीय निकाय विभाग द्वारा की जानी है।

# राजौंद में गहराई पेयजल व्यवस्था एक दिन छोड़कर आता है पानी

- लोगों को नियमित रूप पानी उपलब्ध नहीं हो पा रही सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

राजौंद में पेयजल व्यवस्था चरमरा गई है। गर्मी अपने चरम पर है और ऐसे में पानी की किल्लत ने आमजन की परेशानियां बढ़ा दी हैं। हालात यह हैं कि लोगों को नियमित पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा, बल्कि एक दिन छोड़कर ही पानी की सप्लाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार, नहर में पानी आए काफी समय बीत चुका है, जिसके चलते टैंकों का पानी लगभग सूख चुका है। जलापूर्ति व्यवस्था बाधित होने से लोगों को मजबूरी में वैकल्पिक साधनों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। कई जगहों पर तो लोग पीने के लिए पानी कैंपरो से मंगवाने को विवश हैं, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी पड़ रहा है ।गर्मी के इस मौसम में पानी की कमी ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। दोपहर के समय तापमान अधिक होने के कारण पानी की जरूरत बढ़ जाती है, लेकिन पर्याप्त आपूर्ति न होने से लोग खासे परेशान हैं। महिलाओं और बच्चों को दूर-दूर तक पानी भरने के लिए जाना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने कहा कि नहरी पानी योजना केवल शोपीस बनकर रह गई है लाखों रुपए खर्च करने के बाद भी लोगों को नहरी पानी की सप्लाई नहीं मिल पा रही। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द नहर में पानी छोड़ा जाए और पेयजल आपूर्ति को नियमित किया जाए, ताकि इस भीषण गर्मी में लोगों को राहत मिल सके।



राजौंद। पेगा मार्ग पर स्थित वाटर सप्लाई।

## खबर संक्षेप

### बिजली कर्मचारियों ने लगाया वार्षिक भंडारा

**नरवाना।** मंगलवार को बिजली विभाग के कर्मचारियों ने मिलकर वार्षिक भंडारा का आयोजन किया जिसमें बिजली विभाग के सभी सदस्यों ने भाग लिया। पूर्व कर्मचारी ईश्वर श्योकद एवं सोनू शर्मा ने बताया कि पिछले 6 सालों से जुलाई महीने में भंडारे का आयोजन किया जाता है पहले अलग-अलग बिजली विभाग की यूनिट द्वारा भंडारे का आयोजन किया जाता था लेकिन अब सभी कर्मियों ने मिलकर वार्षिक भंडारे का आयोजन करना शुरू कर दिया है जिसमें हजारों की संख्या में भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने पहुंचते हैं।

### इनर व्हील क्लब ने जींद अन्नपूर्णा दिवस मनाया

**जींद।** इनर व्हील क्लब जींद यूनाइटेड द्वारा अन्नपूर्णा दिवस मनाया गया। इनर व्हील क्लब जींद यूनाइटेड द्वारा आज जयंता देवी मंदिर में अन्न पूर्णा दिवस मनाया गया। मां की पूजा अर्चना करते हुए भोग लगा कर सभी ने सामूहिक आरती की। अन्न पूर्णा दिवस हमें भूखे बेसहारा लोगों को भोजन उपलब्ध करवाने के कर्तव्य और जिम्मेदारी का अहसास करवाता है। क्लब द्वारा आटा चावल, दाल, घी, सब्जियां भंडारे में उपलब्ध करवाई गई। इनर व्हील जींद यूनाइटेड क्लब की अध्यक्षा मंजु मानव ने कहा कि टीम के सभी साथियों द्वारा राशन सामग्री एकत्र करना और फिर बना भोजन जरूरतमंदों में परोसना सभी की प्रेम भावना और मार्मिक भाव दर्शाता है।

### आठवें वेतन आयोग की शर्तों पर जताई नाराजगी

**जींद।** आबकारी एवं कराधान वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक रविवार को जाट धर्मशाला में अध्यक्ष नरेंद्र सिंगला की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आठवें वेतन आयोग की टर्म्स ऑफ रेफरेंस, पेंशनर्स के हितों, एलटीसी सुविधा तथा वार्षिक वेतनवृद्धि से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करते हुए सरकार से कई मांगें उठाई गईं। बैठक का एजेंडा प्रदेश महासचिव महेंद्र सिंह जागलान ने प्रस्तुत किया।

### कल बीएलए-2 की बैठक लेंगे दुष्यंत चौटाला

**उचाना।** पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला नौ जुलाई को उचाना स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में जेजेपी बीएलए-2 की बैठक को संबोधित करेंगे। हलकाध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा में 14 जुलाई तक विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान चल रहा है। पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला बीएलए-2 के साथ एसआईआर अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा करेंगे। बीएलए-2 की जिम्मेदारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी देंगे।

### ट्रस्ट ने जींद जंक्शन पर किया पौधरोपण

**जींद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जींद के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश पूनम सुनेजा के कुशल मार्गदर्शन में आज स्वर्ग आश्रम चैरिटेबल ट्रस्ट जींद जंक्शन में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिवए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमित सिहाग ने बताया कि हम सभी को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अपने जीवन में यह नियम बनाना चाहिए कि जब भी हमारे परिवार में किसी बच्चे या बड़े का जन्मदिन, शादी की सालगिरह अथवा कोई अन्य खुशी का अवसर होए तब हम कम से कम पांच पौधे ऐसी जगह लगाएं।

### कौशल विकास पाठ्यक्रमों में प्रवेश का अवसर

**जींद।** डीडब्लूओ दीपिका नें बताया भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा हरियाणा राज्य के जिला रोहतक स्थित आईएमटी में स्थापित एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर द्वारा युवाओं को रोजगारोन्मुखी कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। बताया कि रोहतक के एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर में वर्तमान में दो दीर्घकालीन डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

---

## जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियों और अधिकारियों से सहयोग की अपील

# एसआईआर में अच्छा काम करने वाले आठ बीएलओ सम्मानित

ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित बूथों से आशा अनुरूप रिपोर्ट मिल रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

निर्वाचन पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम जगदीश चंद्र की अध्यक्षता में एस आई आर प्रक्रिया को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। मंगलवार को एसडीएम कार्यालय में बुलाई गई इस बैठक में एईआरओ, एएईआरओ, सचिव नगर परिषद तथा सभी नगर पार्षद मौजूद रहे। निर्वाचन पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम जगदीश चंद्र ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसे सभी अधिकारी, कर्मचारी और सभी जनप्रतिनिधि गंभीरता से लेते हुए पूरी ऊर्जा के साथ सहयोग करें। एसडीएम ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया के लिए एक सप्ताह का समय बचा है। ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित बूथों से आशा अनुरूप रिपोर्ट मिल रही है। अधिकतर बूथों पर प्रक्रिया का कार्य अंतिम चरण में है। यानी 90 और 95 के करीब कार्य पूरा हो चुका है, जबकि शहरी आबादी में प्रगति अपेक्षाकृत धीमी है। एसडीएम ने सभी नगर पार्षदों का आह्वान किया कि वे अपने-अपने वार्ड में एसआईआर प्रक्रिया पूरी करवाने में अपना सहयोग और पूरी ताकत लगाएं। सभी नगर पार्षद अपने वार्ड स्तर पर बार-बार मुनियादी करवायें। इसके अलावा प्रत्येक नगर पार्षद बीएलओ के साथ संपर्क बनाकर तथा घर-घर जाकर मतदाताओं के फार्म भरवाना सुनिश्चित करें।



जींद। अच्छा काम करने वाले आठ बीएलओ को सम्मानित करते हुए।

### एसआईआर प्रक्रिया पूरी करने में जुटा प्रशासन

एसडीएम ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया समय रहते पूरी हो सके। इसके लिए मतदाताओं में जन जागरण की जरूरत है और सभी नगर पार्षद एक सप्ताह के लिए अपने दूसरे गैर जरूरी कार्यों को छोड़कर एसआईआर पूरा करवाने पर अपना फोक्स करें। प्रत्येक वार्ड में कोई भी मतदाता एसआईआर प्रक्रिया मे? नहीं ना छूट पाए। यह सुनिश्चित करने के लिए संबंधित नगर पार्षद इसे अपनी नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी समझे। बैठक में शत प्रतिशत काम पूरा करने वाले आठ अन्य बीएलओ को भी सम्मानित किया और बेहतर कार्य के लिए उनका आभार जताया। सम्मानित होने वालों में रिशिपाल बीएलओ बूथ नंबर 25, सोहनलाल बूथ नंबर 90, रामकला बूथ नंबर 111, जयवीर बूथ नंबर 113, मनीष कुमार बूथ नंबर 109, महावीर बूथ नंबर 170, ममता बूथ नंबर 173 तथा प्रदीप बूथ नंबर 133 शामिल है। इसके अलावा नैहरा, सैथंली, लोहचब, इस्माइलपुर, रेवर सहित सभी बूथों पर एसआईआर का कार्य शत प्रतिशत पूरा हो चुका है। यहां यह स्पष्ट किया जाता है कि तय समय अवधि से पहले जो भी बीएलओ अपना काम पूरा करेगा ,उन्हें उपमंडल प्रशासन की तरफ से सम्मानित किया जाएगा।

### 10 लाख 41 हजार से अधिक गणना प्रपत्र वितरित किए

**जींद।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 अभियान के तहत गणना प्रपत्रों का वितरण एवं संग्रहण कार्य तेजी से चल रहा है। अब तक जिले के 10 लाख 41 हजार 423 मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं, जिनमें से 7 लाख 27 हजार 423 गणना प्रपत्रों को बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के माध्यम से डिजिटाइज्ड कर आयोग के पोर्टल पर अपलोड किया जा चुका है। डीसी डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक मतदाता को गणना प्रपत्र दो प्रतियों में उपलब्ध कराया गया है। मतदाता को निर्धारित विवरण सही-सही भरकर हस्ताक्षर सहित एक प्रति बीएलओ को वापस जमा करवानी है। इसके उपरांत बीएलओ दूसरी प्रति पर हस्ताक्षर कर उसे प्राप्ति रसीद के रूप में मतदाता अथवा उसके परिवार के किसी वयस्क सदस्य को वापस देगा। उन्होंने सभी मतदाताओं से आग्रह किया कि गणना प्रपत्र जमा करने के बाद बीएलओ से हस्ताक्षरित प्राप्ति प्रति अवश्य प्राप्त करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि 21 जुलाई 2026 को प्रकाशित होने वाली प्रारंभिक मतदाता सूची 2026 में केवल उन्हीं मतदाताओं के नाम शामिल किए जाएंगे, जिनके हस्ताक्षरित गणना प्रपत्र बीएलओ को प्राप्त होंगे। यदि किसी मतदाता का गणना प्रपत्र निर्धारित समय तक वापस प्राप्त नहीं होता है तो उसका नाम प्रारंभिक मतदाता सूची में शामिल नहीं किया जाएगा। डीसी ने बताया कि गणना प्रपत्र भरकर जमा कराने की अंतिम तिथि 14 जुलाई है। अब लगभग एक सप्ताह का समय शेष है। इसलिए सभी मतदाताओं से अपील है कि वे बिना विलंब अपने गणना प्रपत्र में सही जानकारी भरकर, हस्ताक्षर सहित बीएलओ को वापस जमा करवाएंए ताकि उनका नाम प्रारंभिक मतदाता सूची में सुरक्षित रूप से शामिल किया जा सके।



गुहला-चीका। एसईआर कार्य की जांच करते एसडीएम मनीष कुमार यादव।

### एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची को पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाना : यादव

**गुहला-चीका।** एसडीएम मनीष कुमार यादव ने कहा कि हरियाणा निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान चल रहा है। मतदाताओं को गणना प्रपत्र समय रहते भरने का आह्वान किया जा रहा है। यह गणना प्रपत्र 14 जुलाई तक भरे जाएंगे। जिन मतदाताओं के लिए बीएलओ तक पहुंचना संभव नही है या जो डिजिटल माध्यम का उपयोग करना चाहते हैं, वे मतदाता घर बैठे ही ऑनलाईन सुविधा के माध्यम से इस फॉर्म को भर सकते है। एसडीएम मनीष कुमार यादव ने विभिन्न गांवों का दौरा करने के उपरांत कहा कि डीसी अपराजिता के मार्गदर्शन में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान जारी है। गुहला-चीका विधानसभा में एसआईआर रिपोर्ट अनुसार 199 बूथों पर कुल एक लाख 93 हजार 840 मतदाता है। एक लाख 51 हजार 711 को डिजिटाईजड किया गया है, यानि 78 प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है। विधानसभा क्षेत्र में 9 हजार 451 फार्मों का कार्य लंबित है। सभी बीएलओ को निर्देशित किया जा चुका है कि वे लंबित कार्य को जल्द निपटाएं। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की है कि वे एसआईआर प्रक्रिया में सहयोग करें।

### एसआईआर का शत-प्रतिशत कार्य करने वाले एक सुपरवाइजर, दो सहायक व तीन बीएलओ सम्मानित

**गुहला-चीका।** गुहला- चीका विधानसभा क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत मंगलवार को उत्कृष्ट कार्य करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को एसडीएम मनीष कुमार यादव ने प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने सुपरवाइजर नवीन बंसल, बूथ नम्बर 86 के बीएलओ जयभगवान शर्मा, सहायक सतीश कुमार व वीना रानी, बूथ नम्बर 85 के बीएलओ बृजभूषण, बूथ नम्बर 82 के बीएलओ राजपाल को निर्वाचन संबंधी कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन, समयबद्ध फील्ड सत्यापन, मतदाता पंजीकरण, मतदाताओं को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने तथा निर्वाचन नामावली की शुद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रशंसा-पत्र प्रदान किए गए। एसडीएम ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने में बीएलओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। एसआईआर अभियान की सफलता में बीएलओ के समर्पण, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनके अथक प्रयासों से मतदाता सूची की शुद्धता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित हो सकी है।

---

## बीमारियों की रोकथाम के लिए झांझ खुर्द और बड़ौदी में स्वास्थ्य विभाग का फीवर मास सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

- मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के लिए किया जागरूक

बरसात के मौसम में मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग ने गांव झांझ खुर्द और बड़ौदी में रैपिड फीवर मास सर्वे अभियान चलाया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के अंतर्गत आयोजित इस अभियान में स्वास्थ्य कर्मियों ने घर-घर जाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच की, बुखार से पीड़ित मरीजों की पहचान की और मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान एमपीएचडब्ल्यू भूपेंद्र यादव, कमलेश, श्यामो, सुशील शर्मा, पवन श्योकंद, जयवीर नेहरा और पवन कुमार ने ग्रामीणों से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। टीम ने बुखार से पीड़ित एवं संदिग्ध मरीजों के रक्त के नमूने ब्लड स्लाइड तैयार कर मलेरिया जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे ताकि समय रहते बीमारी की पुष्टि कर उपचार शुरू किया जा सके। एमपीएचडब्ल्यू भूपेंद्र यादव ने बताया कि बरसात के मौसम में थोड़ी सी लापरवाही भी मच्छरों के प्रजनन को बढ़ावा देती है। जिससे मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने बताया कि तेज बुखार, ठंड लगना, अत्यधिक पसीना आना, सिरदर्द, शरीर और जोड़ों में दर्द, कमजोरी, उल्टी या बार-बार बुखार आना मलेरिया के प्रमुख लक्षण हो सकते हैं।



जींद। बीमार लोगों के खून के सैंपल लेते स्वास्थ्य कर्मी।

## नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे ताकतवर लीडर : कंडेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



टेकराम कंडेला।

हरियाणा सहकारी श्रम व निर्माण प्रसंग के पूर्व अध्यक्ष व जन कल्याण फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष टेकराम कंडेला ने कहा है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे ताकतवर व धाकड लीडर हैं। प्रधानमंत्री ने अपने 12 वर्ष के कार्यकाल में देश हित में इतने मजबूत फैसले लिए हैं जो आज तक भारत का कोई भी प्रधानमंत्री नहीं ले सका है। प्रधानमंत्री ने धारा 370 को खत्म किया, तीन तलाक कानून को खत्म किया, प्रधानमंत्री सम्मान किसान निधि लागू की, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को लागू किया, भारत के 140 करोड़ लोगों में से 80 करोड लोगों को मुफ्त राशन योजना का लाभ दिया जा रहा है। यह एक बहुत बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब दूसरे देशों में जाते हैं सभी देशों के रोंगटे खड़े हो जाते हैं और उसको सुनने के लिए और देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ जाती है और पाकिस्तान जैसे देशों की नींद भी हराम हो जाती है। नरेंद्र मोदी ने भारत के रक्षा बजट को बढ़ा कर भारत की सभी सीमाओं को मजबूत किया है। आज दूसरे देशों में भारत का डंका बज रहा है।



उचाना। स्कूल परिसर में आर्यन को सम्मानित करते हुए।

## पहले ही प्रयास में सीए की परीक्षा पास कर आर्यन ने बढ़ाया विद्यालय का मान

**उचाना।** श्री शिव मंदिर सनातन धर्म वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उचाना कलां के पूर्व छात्र आर्यन पुत्र श्री रमेश खेड़ी मंसानिया ने बिना किसी कोचिंग के पहले ही प्रयास में सीए फाउंडेशन परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय, परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि आर्यन ने कड़ी मेहनत तथा आचार्यों के मार्गदर्शन से यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। प्रधानाचार्य रणधीर शास्त्री ने आर्यन और उनके अभिभावकों को सम्मानित करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आर्यन की सफलता से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में ऊंचे लक्ष्य निर्धारित करने का आह्वान किया। विद्यालय परिवार ने आर्यन को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी।

## छात्रा हर्षिता ने पुनर्मूल्यांकन के बाद प्रदेश में पाया पांचवां स्थान

- स्कूल पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुलाना

जुलाना क्षेत्र के गांव गतौली स्थित छोटूराम स्कूल की दसवीं कक्षा की छात्रा हर्षिता ने पुनर्मूल्यांकन री इवैल्यूएशनद्ध के बाद प्रदेशभर में पांचवां स्थान हासिल कर स्कूल, गांव और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्रा की इस उपलब्धि पर स्कूल परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जहां शिक्षकों और विद्यार्थियों ने जोरदार स्वागत करते हुए उसका उत्साहवर्धन किया। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की दसवीं कक्षा की परीक्षा में हर्षिता को प्रारंभिक परिणाम में 489 अंक प्राप्त हुए थे। अपने प्रदर्शन पर विश्वास होने के कारण उसने उत्तर पुस्तिका के पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन किया। पुनर्मूल्यांकन के बाद उसके पांच अंक बढ़ गए, जिससे उसका कुल स्कोर 494 अंक हो गया। संशोधित परिणाम के आधार पर हर्षिता ने पूरे प्रदेश में पांचवां स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में स्कूल के डायरेक्टर जितेंद्र ढांडा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने हर्षिता को स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।



जुलाना। मेधावी छात्रा को सम्मानित करते हुए स्कूल प्रशासन।

---

## आरसेटी जींद में फास्ट फूड स्टाल उद्यमी प्रशिक्षण संपन्न

# प्रशिक्षण के बाद आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेंगी 35 महिलाएं

क्षेत्र की महिलाओं और युवाओं को किया प्रशिक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) में आयोजित 12 दिवसीय फास्ट फूड स्टाल उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम का मंगलवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार आयोजित किया गयाए जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं और युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षित कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 35 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया और फास्ट फूड स्टाल संचालन से संबंधित विभिन्न व्यावहारिक एवं तकनीकी पहलुओं का प्रशिक्षण प्राप्त किया।



जींद। कार्यक्रम में मौजूद प्रशिक्षणार्थी और स्टाफ। *फोटो : हरिभूमि*

### महिलाएं हर क्षेत्र में बढ़ रहीं आगे

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को फास्ट फूड तैयार करने की विधियां, स्वच्छता एवं गुणवत्ता मानकों का पालन, ग्राहकों से व्यवहार, लागत प्रबंधन, विपणन तथा छोटे व्यवसाय को सफलतापूर्वक संचालित करने के गुर सिखाए गए। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संस्थान के निदेशक सुखबीर दहिया ने शिरकत की। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं और स्वरोजगार के माध्यम से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि महिलाएं प्रशिक्षण के दौरान सीखे गए कौशल का सही उपयोग करें तो वे अपने परिवार की आय बढ़ाने के साथ-साथ दूसरों के लिए भी रोजगार के अवसर पैदा कर सकती हैं। सुखबीर दहिया ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर महिलाएं प्रशिक्षण पूरा करने के बाद सरकार की विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के तहत उपलब्ध सब्सिडी युक्त ऋण का लाभ उठाकर अपना व्यवसाय शुरू कर सकती हैं। समारोह के दौरान निदेशक ने सभी प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण संबंधी फीडबैक भी लिया और भविष्य में व्यवसाय शुरू करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों के मूल्यांकन (असेसमेंट) के लिए जयपाल मल्हान एवं नेहा शर्मा उपस्थित रहे।

---

## न्यूज डायरी



### स्वयंसेविकाओं ने लिया मनाली एडवेंचर कैंप में भाग

**जींद।** हिंदी कन्या महाविद्यालय की दो स्वयंसेविकाओं ने मनाली में हरियाणा राज्य एनएसएस पंचकूला के द्वारा आयोजित दस दिवसीय एडवेंचर कैंप में सक्रिय रूप से भाग लिया। यह शिविर सोलंग स्कीइंग केंद्र पर 25 जून से पांच जुलाई तक चला और इसमें हरियाणा से कुल 100 स्वयंसेविकाओं ने हिस्सा लिया। महाविद्यालय की पायल बीए प्रथम वर्ष और राधिका बीसीए प्रथम वर्ष की छात्राओं का इस शिविर में चयन हुआ। दोनों छात्राओं ने इस शिविर में रॉक क्लाइम्बिंग, ट्रेकिंग, रिवर क्रॉसिंग और रैपलिंग जैसी चुनौतीपूर्ण गतिविधियों का प्रशिक्षण लिया। शिविर के दौरान छात्राओं को पहाड़ी खतरों के बारे में जानकारी दी गई।



### पुलिस ने विद्यार्थियों को दी नशा न करने की सलाह

**कैथल।** नशा जागरूकता अभियान के तहत एएनसी गुहला इंचार्ज पीएसआई सनेश की अगुवाई में एसआई कर्मबीर सिंह, एएसआई मनोज, एचसी दिनेश की टीम द्वारा गुहला, हरिगढ किंगन, बलबेहड़ा, बिछिया व भागल में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की कार्यक्रमों के दौरान आमजन सहित युवाओं, विद्यार्थियों और महिलाओं को नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। टीम सदस्यों ने उपस्थित लोगों को बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार, समाज और भविष्य को भी प्रभावित करता है। युवाओं को नशे से दूर रहकर खेल, शिक्षा और रोजगार जैसे सकारात्मक कार्यों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही आमजन को यह भी जानकारी दी गई कि यदि कहीं भी नशे का अवैध कारोबार दिखाई दे तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते सख्त कार्रवाई की जा सके।

### हाइड्रोजन ट्रेन का शुभारंभ गौरव का विषय : सुरेंद्र

**उचाना।** मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने कहा कि 17 जुलाई को जींद की धरती पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह ट्रेन जींद से सोनीपत के बीच संचालित होगी, जो हरियाणा ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि होगी। उन्होंने कहा कि उचाना विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री के नेतृत्व में उचाना हलके से हजारों की संख्या में लोग इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार ईंधन संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते रहे हैं। ऐसे में कार्यक्रम में आने वाले लोग सार्वजनिक परिवहन, इलेक्ट्रिक वाहनों का अधिक से अधिक उपयोग करें। आसपास के गांवों के युवाओं से उन्होंने साइकिलों के काफिले के साथ कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने का भी आह्वान किया।

### पटवारियों व कानूनगो ने तहसील में दिया धरना

**जींद।** जुलाना तहसील परिसर में द रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन हरियाणा के बैनर तले पटवारियों व कानूनगो ने मंगलवार को दूसरे दिन सांकेतिक धरना दिया। प्रधान सर्वेश पटवारी, सचिव विकास व सन्नी ने कहा कि पिछले चार महीने से वेतन नहीं मिला है। यह सरकार का गैर जिम्मेदाराना रवैया दिखाता है।उन्होंने कहा कि वेतन नहीं मिलने के कारण उन्हें आर्थिक परेशानी हो रही है। परिवार का घर खर्च चलाना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने कहा कि जुलाना प्रशासन तहसील के सभी पटवारी व कानूनगो का वेतनमान की अदायगी जल्द से जल्द करें।

### तेरापंथ युवक परिषद के प्रीतम जैन बने प्रधान

**उचाना।** पुरानी अनाज मंडी स्थित तेरापंथ भवन में तेरापंथ युवक परिषद की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष विकास जैन ने की। इस दौरान वर्ष 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। प्रीतम जैन को परिषद का प्रधान चुना गया। साहिल जैन को मंत्री, कपिल जैन एवं राजेश जैन को उपाध्यक्ष, अजय जैन और ऋषभ जैन को सहमंत्री, विकास जैन को कोषाध्यक्ष तथा मोती जैन को संगठन मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। प्रधान प्रीतम जैन ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसका पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे।

**खबर संक्षेप**

### 2 सटोरिये काबू, 5020 रुपये नकद बरामद

**कैथल।** सीआईए-1 पुलिस द्वारा अलग अलग 2 मामलों में 2 सटोरिये काबू किए गए। जिनके कब्जे से 5020 रुपये नकदी बरामद हुई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए-1 प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की अगुवाई में एएसआई कमलजीत द्वारा गांव धनौरी में सट्टा खाईवाली कर रहे आरोपी धनौरी निवासी हैप्पी को काबू किया गया। जिसके कब्जे से 3010 रुपए बरामद हुए। दूसरे मामले में सीआईए-1 पुलिस के एचसी पवन कुमार की टीम द्वारा एक गुप्त सूचना के आधार पर गांव धनौरी में अपने मकान के पास सरेआम सट्टा खाईवाली कर रहे आरोपी धनौरी निवासी ज्ञानी को काबू किया गया।

### पद्म पुरस्कार के लिए नामांकन 31 जुलाई तक

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने बताया कि भारत सरकार द्वारा पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी है और इच्छुक व्यक्ति एवं संस्थाएं 31 जुलाई 2026 तक राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन नामांकन कर सकते हैं। डीसी अपराजिता ने बताया कि पद्म पुरस्कार देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल हैं। ये पुरस्कार कला, साहित्य, शिक्षा, खेल, चिकित्सा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, सामाजिक कार्य, लोक सेवा, उद्योग तथा अन्य विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट एवं विशिष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को प्रदान किए जाते हैं।

## पशुओं के नहाने लायक भी नहीं बचा पानी, बीमारियों का बढ़ा खतरा

# गंदे नाले में तब्दील हुआ गांव लांबा खेड़ी का ढाब तालाब, मरने लगी हैं मछलियां

**गांव के लोगों ने की तालाब की सफाई करवाने और नहरी पानी भरवाने की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत



कलायत। लांबा खेड़ी गांव के तालाब पर मछलियों को नोंचते आवारा कुत्ते।



कलायत। लांबा खेड़ी गांव में बुरी तरह दूषित तालाब में नहाते पशुधन।

कलायत के गांव लांबा खेड़ी में मुख्य बस अड्डा के पास स्थित ढाब तालाब पिछले कई माह से गंदगी का पिटारा बना है। तालाब में नहरी पानी का भराव न होने के कारण ये हालात बने हैं। स्थिति इतनी गंभीर हैं कि तालाब का पानी पशुओं के नहाने योग्य भी नहीं रहा है। पानी के खराब होने से मछलियां दम तोड़ रही हैं।

पानी की सतह के साथ-साथ किनारे पर मृत मछलियों का ढेर लगने से आवारा कुत्तों के लिए तालाब शिकार का अड्डा बना है। परिणामस्वरूप पशुधन चर्म व अन्य बीमारियों से ग्रस्त हो रहे हैं। इससे गांव के पशुपालकों में भारी चिंता का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव का अधिकांश पशुधन इसी तालाब पर निर्भर है। पानी की कमी के चलते पशु पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे हैं। भारी गर्मी की मजबूरी में पशुओं को इसी गंदे और बदबूदार पानी में शरण लेनी पड़ रही है। जिससे पशुओं में बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। पशुपालकों का कहना है कि यदि जल्द ही तालाब में स्वच्छ पानी की व्यवस्था नहीं की गई तो पशुधन के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ सकता है।

तालाब में जमा गंदा पानी आसपास के वातावरण को भी प्रभावित कर रहा है। तालाब के निकट स्थित सरकारी स्कूल, आवासीय क्षेत्र और अन्य स्थानों पर रहने वाले लोगों को बदबू के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि सरकार की तरफ से समय-समय पर तालाबों के संरक्षण, स्वच्छता और नियमित रखरखाव को लेकर निर्देश जारी किए जाते हैं। इसके बावजूद लांबा खेड़ी के इस महत्वपूर्ण तालाब की सुध न तो पंचायत विभाग ले रहा है और न सिंचाई विभाग।

ग्रामीणों का आरोप है कि संबंधित विभागों की अनदेखी के कारण तालाब गंदे नाले का रूप ले चुका है। ग्रामीणों और पशुपालकों ने प्रशासन से मांग की है कि तालाब की तत्काल सफाई कराकर उसमें नहरी पानी का भराव कराया जाए। ताकि पशुधन को स्वच्छ पानी उपलब्ध हो सके और ग्रामीणों को गंदगी व बदबू से राहत मिले। उनका कहना है कि अगर समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो समस्या बेहद गंभीर हो सकती है। ग्रामीण प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की उम्मीद लगाए बैठे हैं। सीएम नायब सिंह सैनी द्वारा लगातार तालाबों के सौंदर्यकरण व इनमें स्वच्छ जल भराव के निर्देश दिए जाते रहे हैं। इसके तहत गर्मी की दस्तक से पहले तालाबों में पानी के पुख्ता प्रबंध जरूरी थे।

सामाजिक संगठनों का आरोप है कि पंचायती राज विभाग द्वारा न तो पाइप लाइन बिछाने के कार्य को गंभीरता से लिया गया न ही इसकी कोई भी वैकल्पिक व्यवस्था की। अधिकारियों की लापरवाही हर स्तर पर ग्रामीणों को महंगी पड़ रही है।

**जल्द तालाब में भरा जाएगा स्वच्छ जल**

सिंचाई विभाग नरवाना के उप मंडल अभियंता अमित जागलान ने बताया कि लांबा खेड़ी गांव के तालाब में धमतान डिस्टीब्यूट्री से स्वच्छ जल भरा जाना है। इसके लिए पाइप लाइन बिछाने का कार्य जारी है। इस कार्य के पूर्ण होने के उपरांत तालाब में स्वच्छ जल सुचारू रूप से मुहैया होगा।

**वर्कर यूनियन के सदस्यों ने की नारेबाजी**

## भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है विद्युत सदन : शीशराम



कैथल। गेट मीटिंग उपरांत नारेबाजी करते बिजली कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन यूनिट कैथल की गेट मीटिंग 27वे दिन भी कार्यकारी अभियंता ऑपरेशन के खिलाफ जारी रही। आज की गेट मीटिंग की अध्यक्षता उमेद लाईनमैंन ने की और मंच संचालन श्रीकान्त ए.एस.एस.ए ने किया। जेई शीशराम ने कहा कि विद्युत सदन भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका है और यहां पर सरकार या निगम का कायदा ना चलकर अधिकारी अपना कायदा कानून चला रहे हैं। एक्सन ऑपरेशन मनीष कुमार लगातार निगम आदेशों की अवहेलना करते हुए कर्मचारियों को तो गुमराह करते हैं। सबसे बड़ा भ्रष्टाचार तो पीएम सूर्य घर योजना के नाम पर खुद की दुकान चला रहा है और मोटा कमीशन खा रहा है दूसरी तरफ अपने चहेते कर्मचारियों को भी जान बूझकर ऐसी सीटों पर बैठाए हुए है जहां पर उनके ऑर्डर नहीं है। उनकी अटेंडेंस तो दूसरी सीटों पर लगती है और काम वो इसके लिय दूसरी सीटों पर बैठाकर पैसे कमाने का करते है। सुखबीर लाईन मैन ने कहा कि फील्ड में तकनीकी कर्मचारियों की कमी है पिछले दिनों आए तूफान की वजह से लाइनें अभी तक नहीं चल रही और इसको ऑफिस में स्टाफ पूरा चाहिए. इसके लिय इसको चाहे फील्ड से लाईन मैन को ही क्यों ना लिपिक सीटों पर बैठाकर अपना गोरख धंधा चलाना पड़े। लाइनों पर हर रोज कर्मचारी मर रहे हैं लेकिन इस अधिकारी को उस से कोई फर्क नहीं पड़ता यहां तक कि उनको सेफ्टी किट तक भी मुहैया नहीं करवाई जाती और अगर मिलती भी है तो केवल 15 या 20 प्रतिशत कर्मचारियों को मिलती है।

**ये रहे मौजूद**

आज की गेट मीटिंग में संजय कुमार सीवन गेट से,सुभाष,सुरेंद्र पहलवान, दिलबाग लाईन मैंन,माणिक लाईन मैन, मनफूल प्रधान सब अर्बन नंबर 1,जितेंद्र शर्मा, यशपाल सिंह,अनिल जे ई,संदीप जे ई,उमेद , सुरेश जांगड़ा, राजेश बी डी, सतीश दिल्लीवाली, सुखदेव जागडा,दर्शन जेई, विक्रम, चांदी, राम निवास लाईन मैंन,भारत एस.एस.ए आदि कर्मचारी साथियों ने भाग लिया।

## आज ढांड में होगा 'नवीन कृषि संकल्प अभियान' कार्यक्रम

- पूंडरी विधायक सतपाल जांबा होंगे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढांड



सांसद नवीन जिंदल

सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर चलाए जा रहे 'नवीन कृषि संकल्प अभियान' के तहत दूसरा कार्यक्रम 8 जुलाई को राधा कृष्ण धर्मशाला, अनाज मंडी के पास, ढांड में सुबह साढ़े नौ बजे आयोजित किया जाएगा। पुंडरी विधायक सतपाल जांबा नवीन कृषि संकल्प अभियान के दूसरे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उल्लेखनीय है कि विधायक सतपाल जांबा स्वयं एक किसान हैं। उन्होंने प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण लेकर प्राकृतिक खेती के प्रचार प्रसार में योगदान देने का कार्य किया है। नवीन कृषि संकल्प अभियान के दूसरे कार्यक्रम में उनके अनुभवों से किसानों को प्राकृतिक खेती को समझने का भी अवसर मिलेगा। इस कार्यक्रम में किसानों को वैज्ञानिक तरीके से अन्न भंडारण, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण, पर्यावरण संरक्षण तथा केंद्र और हरियाणा सरकार की किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। कृषि विशेषज्ञ और नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा किसानों को अन्न सुरक्षित रखने के आसान और आधुनिक तरीके बताए जाएंगे, जिससे फसल खराब होने से बचे और किसानों को अधिक लाभ मिल सके। कैथल कार्यालय प्रभारी रविन्द्र धीमान ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल का मानना है कि किसान अपनी मेहनत से पैदा की गई फसल का सही तरीके से भंडारण करेगा तो उसकी आय बढ़ेगी, अन्न की बर्बादी कम होगी और देश की खाद्य सुरक्षा भी मजबूत होगी। यह अभियान पूरे कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में चरणबद्ध तरीके से चलाया जा रहा है।



कैथल। पूर्व विधायक तेजवीर सिंह को निमंत्रण देते गांव कुराना व अन्य गांवों के गणमान्य नागरिक।

### बादली बलिदान दिवस समारोह का निमंत्रण दिया

**पूंडरी।** गांव कुराना तथा आसपास के कई गांवों के गणमान्य नागरिक पूर्व विधायक तेजवीर सिंह के पूंडरी स्थित कार्यालय पहुंचे और उन्हें 2 अगस्त को अहर-कुराना-छिछड़ाना चौक पर आयोजित होने वाले बादली बलिदान दिवस समारोह का औपचारिक निमंत्रण दिया। ग्रामीणों ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने तथा आयोजन की गरिमा बढ़ाने का आग्रह किया। निमंत्रण मिलने पर पूर्व विधायक तेजवीर सिंह ने कहा कि बादली बलिदान दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि अपने वीर शहीदों के अदम्य साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति को नमन करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि जिन वीरों ने समाज और देश की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया, उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। नई पीढ़ी को भी ऐसे आयोजनों से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित और समाज सेवा के प्रति समर्पित होने का संकल्प लेना चाहिए। तेजवीर सिंह ने कहा कि शहीदों का सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि समाज को अपनी गौरवशाली विरासत और बलिदान की परंपरा को सदैव जीवित रखना चाहिए। ऐसे आयोजन युवाओं में देशभक्ति, सामाजिक एकता और अपने इतिहास के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करते हैं।

### कांग्रेस जिला प्रधान ने नए थाना प्रभारी का किया स्वागत



राजौंद। कांग्रेस जिला प्रधान अजय राणा व डॉ. ब्रह्मपाल द्वारा थाना प्रभारी हरपाल सिंह का स्वागत करते हुए।

**राजौंद।** कस्बे में नव नियुक्त थाना प्रभारी हरपाल सिंह का स्वागत करने का सिलसिला लगातार जारी है। इसी कड़ी में कांग्रेस जिला प्रधान अजय राणा ने थाना परिसर में पहुंचकर हरपाल सिंह से शिष्टाचार भेंट की और उन्हें नई जिम्मेदारी संभालने पर शुभकामनाएं दीं। इस दौरान अजय राणा ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि हरपाल सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र में कानून व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी तथा आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। उन्होंने पुलिस प्रशासन से जनता के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखने की भी अपेक्षा जताई। इस मौके पर डॉक्टर ब्रह्मपाल भी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर थाना प्रभारी का स्वागत किया और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। थाना प्रभारी हरपाल सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

**न्यूज डायरी**



### इस सप्ताह 500 पौधे किए जाएंगे वितरित

**पूंडरी।** पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने के उद्देश्य से समाजसेवी कंवरजीत वालिया द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पौधारोपण एवं पौधों के निःशुल्क वितरण का अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। इस वर्ष अब तक करीब 350 पौधे वितरित किए जा चुके हैं, जबकि इसी सप्ताह लगभग 500 और पौधे वितरित कर विभिन्न स्थानों पर लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस बार मुख्य रूप से श्यामा तुलसी और रामा तुलसी के पौधों का वितरण किया जा रहा है। इसके अलावा गुलाब, गुड़हल, सहजन, शहतूत, बेलपत्र, आंवला, नींबू, नीम और शीशम सहित अनेक औषधीय एवं छायादार पौधे भी लोगों को निःशुल्क उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।



### नौच गांव में घर-घर जाकर किया फीवर सर्वे

**सीवन।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रेनू चावला के दिशा-निर्देश तथा सीएचसी सीवन के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. बलविंदर गर्ग के मार्गदर्शन में सीएचसी सीवन के अंतर्गत आने वाले उप-स्वास्थ्य केंद्र नौच क्षेत्र में बुखार एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए विशेष फीवर सर्वे अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घर-घर जाकर लोगों के स्वास्थ्य की जानकारी जुटाई तथा बुखार के लक्षण मिलने पर आवश्यक सलाह दी। ग्रामीणों को स्वच्छता बनाए रखने, मच्छरों से बचाव करने तथा बुखार होने पर तुरंत सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराने के लिए जागरूक किया गया। स्वास्थ्य निरीक्षक रामनिवास, बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता विशाल कौशिक, बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता राजेंद्र कुमार, एएनएम ममता तथा आशा कार्यकर्ताओं ने अभियान में भूमिका निभाई।

### पुलिस ने 254 ग्राम चरस सहित आरोपी को किया काबू

**कैथल।** एंटी नारकोटिक्स सेल-2, गुहला पुलिस टीम द्वारा थाना शहर क्षेत्र से एक आरोपी को 254 ग्राम चरस (सुल्फा) सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की एंटी नारकोटिक्स सेल-2, गुहला प्रभारी पीएसआई सनेश की अगुवाई में एएसआई राकेश कुमार की टीम गश्त दौरान खनौरी बाईपास कैथल के पास मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस टीम जों एक गुप्त सूचना प्राप्त हुई की हरिनगर कैथल निवासी साहिल कुमार चरस/सुल्फा बेचने का काम करता है और वह आज अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर गंदे नाले वाले रास्ते से आस-पास के गांवों में नशीला पदार्थ सप्लाई करने जाएगा। पुलिस टीम द्वारा रेडिंग पार्टी का गठन करके खनौरी बाईपास से शिल्लाखेड़ा की तरफ जाने वाले गंदे नाले के रास्ते के पास नाकाबंदी शुरू की। कुछ समय बाद एक लाल रंग की मोटरसाइकिल आती दिखाई दी। पुलिस ने चालक को रुकने का इशारा किया, लेकिन सामने पुलिस पार्टी को देखकर वह घबराकर मोटरसाइकिल मोड़कर पीछे जाने लगा। इस पर पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे काबू कर लिया। जिसकी पहचान साहिल कुमार निवासी हरिनगर कैथल के रूप में हुई।




कैथल। प्रदर्शन करती आशा वर्कर। फोटो :हरिभूमि

### मांगों की अनदेखी के विरोध में किया प्रदर्शन

**कैथल।** आशा वर्कर्स यूनियन संबद्ध सीटू की लंबित मांगों की लगातार अनदेखी किए जाने के विरोध में जिला की समस्त आशा वर्कर्स ने डीसी कार्यालय परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार रविंद्र को और मुख्य चिकित्सा अधिकारी के माध्यम से भेजा गया। धरने की अध्यक्षता जिला प्रधान सुषमा ने व मंच संचालन जिला सचिव कविता ने किया। धरने को संबोधित करते हुए जिला प्रधान सुषमा ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग और प्रदेश सरकार लगातार आशा वर्कर्स की जायज मांगों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने कहा कि आशा वर्कर्स प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं, लेकिन उनके मानदेय और कार्य परिस्थितियों से जुड़े मुद्दों पर सरकार गंभीर नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस अवसर पर जयप्रकाश शास्त्री और सीटू जिला सचिव नरेश रोहेड़ा ने भी धरने को संबोधित करते हुए आशा वर्कर्स की मांगों को उचित बताया और सरकार से तत्काल समाधान की मांग की। धरने को रीना खेड़ी, मंजू कुतुब पूरा पूनम प्रवेश अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया।

### ईमानदारी की मिसालः युवक ने लौटाया खोया हुआ स्मार्टफोन



राजौंद। राहुल जांगड़ा खोया हुआ मोबाइल फोन लौटाते हुए। फोटो :

**राजौंद।** क्षेत्र में एक युवक ने खोया हुआ स्मार्टफोन उसके मालिक को लौटाकर ईमानदारी का उदाहरण पेश किया है। राजौंद निवासी राहुल जांगड़ा ने दिल्ली निवासी जयकुवांर शर्मा का मोबाइल फोन वापस कर दिया। महर्षि कश्यप जन कल्याण ट्रस्ट, राजौंद के सचिव मास्टर राजकुमार ने बताया कि वह किसी कार्य से असंध से मोटरसाइकिल पर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान तेज बारिश और तूफान के कारण वह खेड़ी शरफअली स्थित पीर की मजार पर रुक गए। कुछ देर बाद दिल्ली निवासी जयकुवांर शर्मा वहां पहुंचे और उन्होंने बताया कि वह दिल्ली जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उनका स्मार्टफोन गुम हो गया। मास्टर राजकुमार उन्हें अपने साथ मोटरसाइकिल पर बैठाकर राजौंद ले आए और अपने फोन से गुम हुए मोबाइल नंबर पर संपर्क किया। कॉल करने पर राजौंद निवासी राहुल जांगड़ा ने बताया कि यह फोन उन्हें बीर-बांगड़ा नहर के पास मिला है और वह इसे वापस करने के लिए तैयार हैं।

## गांव बदसूई में लिंगानुपात सुधार को निकाली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका



कैथल। जागरूकता रैली निकालती महिलाएं।

एसडीएम मनीष कुमार यादव के मार्गदर्शन व सिविल सर्जन डॉ रेणु चावला, एसएमओ गुहला डॉ प्रीति सिंगला के निर्देशानुसार गांव बदसूई में लिंगानुपात में सुधार एवं "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" अभियान के अंतर्गत एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में एएनएम, आशा कार्यकर्ताओं तथा ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

रैली का उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम, बालिकाओं के जन्म को प्रोत्साहित करना तथा समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना था। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ", "बेटा-बेटी एक समान", "बेटी है अनमोल"जैसे जागरूकता संदेशों के साथ पूरे गांव में जनसंपर्क किया और लोगों को जागरूक किया।

स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा ग्रामीणों को लिंगानुपात के महत्व, पीएनडीटी अधिनियम के प्रावधानों तथा बेटियों की शिक्षा एवं सशक्तिकरण के संबंध में जानकारी दी गई। ग्रामीणों से अपील की गई कि वे लिंग भेदभाव को समाप्त करने तथा बेटियों को समान अवसर प्रदान करने में अपना सहयोग दें।

इस अवसर पर उपस्थित सभी नागरिकों ने लिंगानुपात में सुधार लाने, बेटियों के सम्मान एवं सुरक्षा को बढ़ावा देने तथा समाज में लैंगिक समानता स्थापित करने का संकल्प लिया।

## सेन समाज चौपाल के मुख्य द्वार का शुरू हुआ निर्माण, जिला परिषद ने दिए 7 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी



कैथल। निर्माण कार्य का शुभारंभ करते जिला पार्षद देवेंद्र पुजारी व जितेंद्र टाया।

गांव फतेहपुर में जिला परिषद द्वारा सेन समाज चौपाल के मुख्य द्वार (गेट) के निर्माण कार्य के लिए 7 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई। मंगलवार को इस निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ जिला पार्षद पंडित देवेंद्र पुजारी एवं जिला पार्षद प्रतिनिधि जितेंद्र टाया ने किया।

इस अवसर पर गांव के सरपंच प्रतिनिधि सौरभ वर्मा, सेन समाज के प्रधान दयाल सिंह सहित समाज के गणमान्य लोग एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पार्षद पंडित देवेंद्र पुजारी एवं जितेंद्र टाया ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था के तहत जिला परिषद ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने का कार्य कर रही है। जिला परिषद के माध्यम से चौपालों, सामुदायिक भवनों, गलियों, सीसी सड़कों, नालियों, पेयजल व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट, श्मशान घाट, खेल मैदान, पार्क, सार्वजनिक शौचालय तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं के लिए अनुदान राशि उपलब्ध करवाई जाती है। उन्होंने कहा कि अपने-अपने वार्डों में विकास कार्यों के लिए वे संकल्पबद्ध हैं। अब तक करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाएं पूरी करवाई जा चुकी हैं।

**ड्यूटी के समय स्वास्थ्य केंद्रों पर मौजूद रहें कर्मी : डीसी**

# गैरहाजिर मिलने वाले कर्मियों पर होगी कार्रवाई

**स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। डीसी अपराजिता अधिकारियों की बैठक लेते हुए।

डीसी अपराजिता ने कहा कि जिले के सभी स्वास्थ्य कर्मी निर्धारित ड्यूटी समय के दौरान अपने-अपने स्वास्थ्य केंद्रों पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। स्वास्थ्य केंद्रों पर नियमित एवं औचक निरीक्षण बढ़ाए जाएं तथा ड्यूटी के समय अनुपस्थित पाए जाने वाले स्वास्थ्य कर्मियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और आमजन को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

डीसी मंगलवार को लघु सचिवालय में आयोजित स्वास्थ्य विभाग की मासिक बैठक एवं जिला स्तरीय कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। बैठक में उन्होंने जिले के लिंगानुपात में सुधार, भ्रूण हत्या पर प्रभावी रोक तथा स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली तथा जिले में चिकित्सकों की उपलब्धता को लेकर विस्तार से चर्चा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य प्रदान की जाए। जिन स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की कमी है, वहां पर रोस्टर के हिसाब से ड्यूटी लगाएं। वहीं जिले में लिंगानुपात में सुधार लाने के लिए केवल जागरूकता अभियान के साथ साथ प्रभावी निगरानी और सख्त कार्रवाई भी जाए। इसके लिए सभी विभागों को आपसी तालमेल के साथ काम करना होगा। डीसी अपराजिता ने निर्देश दिए कि जिले में संचालित सभी अल्ट्रासाउंड केंद्रों, एमटीपी केंद्रों तथा दवा विक्रेताओं की दुकानों का नियमित एवं औचक निरीक्षण किया जाए।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर एचएसवीपी के ईओ वकील अहमद, सिविल सर्जन डा. रेणु चावला, डीआईपीआरओ नसीब सैनी, कार्यकारी अभियंता वरुण कंसल व सुरेंद्र सिंह, सीडीपीओ शशिबाला, एआईपीआरओ अमित कौशिक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### राजौंद में धान की रोपाई ने पकड़ी रफ्तार

**राजौंद।** मंगलवार को हुई हल्की बरसात से मौसम सुहावना हो गया और भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों को बड़ी राहत मिली है। 11 बजे के आसपास आसमान में बादल छाए रहे और बीच-बीच में हल्की बारिश होती रही, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई। वहीं इस मौसम परिवर्तन का सकारात्मक असर खेती-बाड़ी पर भी देखने को मिला। बारिश के बाद खेतों में नमी बढ़ने से किसानों ने धान की रोपाई का कार्य तेज कर दिया।

### समाधान शिविर में पहुंचीं 14 शिकायतें

**अलेवा।** समाधान शिविर में 14 शिकायतें पहुंची, कई का मौके पर निपटाराहरिभूमि न्यूज, जींद। बीडीपीओ कार्यालय अलेवा में मंगलवार को ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए समाधान शिविर आयोजित किया गया। अध्यक्षता उचाना एसडीएम रमित यादव ने की। शिविर में पेंशन, फैमिली आईडी, जमीन विवाद और राशन कार्ड से संबंधित करीब 14 शिकायतें प्राप्त हुईं।

### मच्छर जनित बीमारियों के प्रति किया जागरूक

**जींद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरकरामजी के अंतर्गत गांव बराह कलां में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रैपिड फीवर मास सर्वे अभियान चलाकर ग्रामीणों को मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी मच्छरजनित बीमारियों के प्रति जागरूक किया। अभियान का नेतृत्व स्वास्थ्य सुपरवाइजर विजेंद्र सिंह एवं तेजवीर सिंह ने किया। अभियान के दौरान स्वास्थ्य कर्मी सोनू, संतकुमार, अमित, संदीप और इशवंती ने घर घर जाकर स्वास्थ्य की जानकारी ली।

### भीम आर्मी सदस्यों ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया

**जींद।** भीम आर्मी के सदस्यों ने मंगलवार को सुशील छात्तर के नेतृत्व में लघु गोहाना रोड से लघु सचिवालय तक प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं ने अनुसूचित समाज के साथ हो रहे भेदभाव एवं मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

### उपस्वास्थ्य केंद्र पर डेंगू के प्रति किया जागरूक

**जुलाना।** स्वास्थ्य विभाग ने दालमवाला गांव के उप स्वास्थ्य केंद्र पर जुलाई को माह को डेंगू रोधी मास के रूप में मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने की। इस दौरान लोगों को जागरूक करते हुए स्वास्थ्य निरीक्षक ने कहा कि डेंगू एडिज मच्छर के काटने से फैलता है।

### 112 लाभार्थियों को 50.33 लाख के चेक वितरित किए

**नरवाना।** सोलर संयंत्र लगाने वाले 112 लाभार्थियों को 50.33 लाख की सब्सिडी वितरितहरिभूमि न्यूज, जींद। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत घरों पर रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित करने वाले 112 लाभार्थियों को राज्य सब्सिडी के 50.33 लाख रुपये के चेक वितरित किए गए। अधीक्षण अभियंता जींद विनोद पुनिया ने चेक सौंपे।

---

### मिशन एडमिशन 15 जुलाई तक जारी रहेगी ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया

# आईटीआई दाखिले में विद्यार्थियों के सिर चढ़कर बोल रहा है इलेक्ट्रीशियन कोर्स का जादू, 31,890 अभ्यर्थियों ने इलेक्ट्रीशियन ट्रेड को बनाया पहली पसंद

## विभिन्न ट्रेडों में मेरिट के आधार पर सीटों का आवंटन किया जाएगा

नरेश पंवार ⏭कैथल

प्रदेशभर के सरकारी और निजी आईटीआई में दाखिले के लिए चल रही ऑनलाइन प्रक्रिया के बीच इस बार इलेक्ट्रीशियन ट्रेड विद्यार्थियों की पहली पसंद बनकर उभरा है। अब तक सबसे अधिक 31,890 अभ्यर्थियों ने इस ट्रेड का चयन किया है। कुल 77,758 आवेदन प्राप्त होने से आईटीआई कोर्सों के प्रति युवाओं का बढ़ता रुझान भी स्पष्ट दिखाई दे रहा है। दाखिला प्रक्रिया के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश की 372 सरकारी एवं निजी आईटीआई में प्रवेश के लिए अब तक 77,758 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। इनमें से 31,890 अभ्यर्थियों ने इलेक्ट्रीशियन ट्रेड को अपनी पसंद के रूप में चुना है। उद्योगों में इलेक्ट्रिशियन की लगातार बढ़ती मांग, बेहतर रोजगार के अवसर और स्वरोजगार की संभावनाओं के चलते यह ट्रेड विद्यार्थियों के बीच सबसे अधिक लोकप्रिय बना हुआ है।

### कैथल आईटीआई को प्राथमिकता दे रहे

कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी है और इच्छुक अभ्यर्थी 15 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। विभाग ने विद्यार्थियों से समय रहते आवेदन पूरा करने तथा अपनी पसंद की ट्रेड का चयन कर पोर्टल पर लॉक करने की अपील की है, ताकि अंतिम समय में तकनीकी परेशानी का सामना न करना पड़े। दाखिले के लिए जिला स्तर पर भी कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिल रही है। आवेदन और पसंद के आधार पर हिसार का आईटीआई प्रदेश में पहले स्थान पर बना हुआ है, जबकि कैथल का आईटीआई दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। कैथल आईटीआई की इस उपलब्धि से जिले के विद्यार्थियों और संस्थान के अधिकारियों में उत्साह का माहौल है। अधिकारियों का मानना है कि यहां उपलब्ध आधुनिक प्रयोगशालाएं, प्रशिक्षित स्टाफ और बेहतर प्लेसमेंट रिकॉर्ड के कारण बड़ी संख्या में विद्यार्थी कैथल आईटीआई को प्राथमिकता दे रहे हैं।


**कैथल।** राजकीय आईटीआई महिला कैथल में प्रशिक्षण लेती छात्राएं।

### रोजगार के बेहतर अवसर

विशेषज्ञों का कहना है कि आज के दौर में बिजली, निर्माण, औद्योगिक इकाइयों और नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं में कुशल इलेक्ट्रिशियन की मांग लगातार बढ़ रही है। यही कारण है कि अधिकांश विद्यार्थी इसी ट्रेड को चुन रहे हैं। आने वाले दिनों में आवेदन संख्या और बढ़ने की संभावना है, क्योंकि आवेदन की अंतिम तिथि अभी शेष है। विभाग को उम्मीद है कि अंतिम तिथि तक आवेदन संख्या में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी। सफलतापूर्वक प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने के बाद विभिन्न ट्रेडों में मेरिट के आधार पर सीटों का आवंटन किया जाएगा, जिससे हजारों युवाओं को तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने और रोजगार के बेहतर अवसर हासिल करने का मौका मिलेगा।

### युवतियों व महिलाओं का भी रूझान

राजकीय आईटीआई महिला कैथल के प्रधानाचार्य सुरेंद्र गिल ने बताया कि इस बार युवाओं के साथ साथ युवतियों व महिलाओं का रूझान भी आईटीआई की ओर बढा है। प्रतिदिन सैकडों युवतियां आवेदन के लिए पहुंच रही हैं। आनलाइन आवेदन 15 जुलाई कर किया जा सकेगा।

---

## शहर की सड़कें बनीं तालाब, दुकानों में घुसा पानी

# मानसून की पहली बारिश ने खोलकर रख दी जल निकासी व्यवस्था की पोल

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी

मानसून की पहली बारिश ने जहां पूंडरी व आसपास के क्षेत्र के लोगों को कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से राहत दिलाई, वहीं नगर की जल निकासी व्यवस्था की हकीकत भी सामने ला दी। कुछ ही देर की बारिश में शहर की मुख्य सड़कें जलमग्न हो गईं और कई स्थानों पर एक से दो फुट तक पानी भर जाने से आमजन, दुकानदारों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर में इन दिनों सीवरेज लाइन व मुख्य बाजार की सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य के चलते पहले से ही यातायात प्रभावित है और लोगों को बाजार, सरकारी अस्पताल, स्कूल-कॉलेज तथा अन्य स्थानों पर जाने के लिए वैकल्पिक मार्गों का सहारा लेना पड़ रहा है। बारिश के बाद हालात और भी बदतर हो गए। कई स्थानों पर सीवरेज लाइन बिछाने के बाद डाली गई मिट्टी धंस गई, जिससे सड़कें दलदल में तब्दील हो गईं और वाहन फंसने लगे है। बारिश के कारण कैथल-करनाल मार्ग, मुख्य बाजार, ट्रक यूनियन क्षेत्र, हुड्डा कॉलोनी, नई अनाज मंडी, सब्जी मंडी तथा शहर की अन्य प्रमुख सड़कों पर पानी भर गया। मुख्य बाजार में कई दुकानों के सामने एक से दो फुट तक पानी जमा होने से ग्राहक दुकानों तक नहीं पहुंच सके, जिससे व्यापारियों की बिक्री पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। लोगों का कहना है कि शहर में जल निकासी की समस्या वर्षों पुरानी है। हर बार बरसात के दौरान यही स्थिति बन जाती है, लेकिन स्थायी समाधान नहीं हो पाया। जनप्रतिनिधियों द्वारा समय-समय पर बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं।



**पूंडरी।** मुख्य मार्ग कैथल-करनाल पर जमा बारिश का पानी। *फोटो: हरिभूमि*

### बारिश सीजन के बाद तुरंत समाधान करेंगे

पूंडरी में मुख्य बाजार गिरधरलाल अहलूवालिया चोंक से पुंडरीक तीर्थ तक जो पूंडरी शहर का दिल कहा जाता है, उसमें अभी तक किसी भी पूर्व सरकार में सीवरेज ही नहीं डाले गए थे, जो अब डलवा दिए गए है। अभी फतेहपुर व पूंडरी में पानी निकासी के लिए सीवरेज डलवाए जा रहा है। बारिश सीजन से पहले काम पूरा नहीं किया जा सकता। अब बारिश में कहां पानी जमा होता है, ये भी पता चल जाएगा व जहां मिट्टी बैठनी होगी वो भी पता चल जायेगा। बारिश सीजन के बाद तुरंत पानी निकासी का स्थायी समाधान हो जाएगा।
-सतपाल जांबा, विधायक पूंडरी।


**कलायत।** गांव बालू की गलियों में ठाठे मार रहा बरसाती पानी। *फोटो: हरिभूमि*

### लापरवाही नहीं होगी सहन: एसडीएम

*एसडीएम अजय हुड्डा ने बताया कि बाढ़ प्रबंधों को लेकर लगातार संबंधित विभागों को निर्देश दिए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान सामने आ रही खामियों-कमियों को दूर करना अधिकारियों की ड्यूटि है। इस दिशा में किसी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं होगी।*

## गांव बालू की सड़कों पर ठाठे मार रहा बरसाती पानी

- बरसाती पानी ने प्रशासन के बाढ़ प्रबंधों की पोल खोल

**कलायत।** कलायत के माडल गांव बालू की गलियों व घरों में ठाठे मार रहे बरसाती पानी ने प्रशासन के बाढ़ प्रबंधों की पोल खोल दी। मामूली बरसात में ही गांव की गलियां, घर, दुकान व अन्य सार्वजनिक स्थान तालाब में तबदील हो गए। हालात इस कदर खराब हैं कि सरकारी अस्पताल व सरकारी स्कूल का रास्ता भी पानी के दरिया में तबदील होने से व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई। इस तरह जल भराव ने पंचायत विभाग और स्थानीय प्रशासन के बाढ़ प्रबंधन के दावों की हवा निकाल कर रख दी। आरटीआई कार्यकर्ता गुरदेव सिंह व अन्य ग्रामीणों ने बताया कि गांव की बिढाण, रापड़िया पट्टी व अन्य इलाका बरसात से जलमग्न हो गया। शमशेर, मिया सिंह, प्रवीण और कुलदीप ने मुख्य गलियों में पानी जमा है। जलभराव के चलते बुजुर्गों व बच्चों का घरों से बाहर निकलना भी दूभर हो गया है।


**कैथल।** कैथल के नरिंद्र मिगलानी मार्ग पर जमा बरसाती पानी। *फोटो: हरिभूमि*

## कैथल में बरसात ने दिलाई गर्मी से राहत, किसानों के चेहरे खिले

- धान रोपाई ने पकड़ी रफ्तार

**कैथल।** जिलेभर में मंगलवार को झमाझम बरसात ने लोगों को गर्मी से राहत दिलाई है। बरसात के कारण मौसम भी सुहावना हो गया। बता दें कि पिछले दो दिनों से तेज धूप और उमस के कारण लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया था, लेकिन बारिश के बाद मौसम में ठंडक घुल गई और लोगों ने राहत महसूस की। पिछले दो दिनों से भीषण गर्मी और उमस ने लोगों को परेशान कर दिया था। मंगलवार सुबह ही आसमान में काले बादल छा गए और दोपहर करीब 12 बजे बरसात शुरू हो गई जो रुक-रुक कर शाम तक बूंदाबांदी के रूप में जारी रही। बरसात के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई और अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। वहीं पुल के पास मार्केट में सड़क पर पानी जमा हो गया। अंबाला रोड, छात्रावास रोड से पुल की ओर जाने वाले मार्ग, बस अड्डे के सामने, ढांड रोड तथा जींद रोड पर पिहोवा चौक से आगे कई स्थानों पर सड़क किनारे पानी भर गया।

### 10 एमएम बारिश

मौसम विभाग के अनुसार जिले में औसतन 10 एमएम बारिश दर्ज की गई। ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश के बाद कच्चे रास्तों पर कीचड़ फैल गया, जिससे आने-जाने में दिक्कत हुई। गलियों में पानी जमा होने से पैदल चलना मुश्किल हो गया

### बिजली मांग घटी

बारिश का असर बिजली की मांग पर भी दिखाई दिया। पिछले दिनों भीषण गर्मी के कारण जिले में बिजली की खपत बढ़कर एक करोड़ 70 लाख यूनिट से अधिक पहुंच गई थी, लेकिन मौसम में ठंडक आने के बाद बिजली की मांग घट गई। मंगलवार को बिजली की खपत घटकर करीब एक करोड़ 30 लाख यूनिट के आसपास दर्ज की गई। कृषि विज्ञान केंद्र के मुख्य समन्वयक रमेश चंद्र ने बताया कि अगले पांच दिनों तक बारिश की संभावना बनी हुई है। मौसम विशेषज्ञ डा. रमेश चंद्र वर्मा का कहना है कि बारिश का सबसे अधिक फायदा किसानों को मिला है। धान की रोपाई के लिए खेतों में पर्याप्त नमी बनने से रोपाई कार्य में तेजी आने की उम्मीद है। किसानों का कहना है कि लगातार पड़ रही गर्मी के कारण खेतों में काम करना मुश्किल हो रहा था।

---

# कार्यशाला में छात्रों एवं शिक्षकों को एआई तकनीक से अवगत कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭नरवाना

केएम राजकीय महाविद्यालय नरवाना में अगस्त्य इंटरनेशनल फाउंडेशन द्वारा स्वयंसेवा, इंटर्नशिप, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा गतिविधि-आधारित शिक्षण विषय पर एक दिवसीय सेमिनार एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 300 से अधिक विद्यार्थियों एवं उनके मॉनिटर शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विजय सहारण, रीजनल वॉलंटियर कोऑर्डिनेटर, अगस्त्य इंटरनेशनल फाउंडेशन ने विद्यार्थियों को वॉलंटियरिंग एवं इंटर्नशिप कार्यक्रमों की संपूर्ण प्रक्रिया, पात्रता, पंजीकरण, जिम्मेदारियों, रिपोर्टिंग प्रणाली तथा प्रमाणन से संबंधित सभी महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वयंसेवा केवल सामाजिक सेवा का माध्यम नहीं, बल्कि नेतृत्व क्षमता, संवाद कौशल, टीमवर्क एवं करियर विकास का भी महत्वपूर्ण अवसर है। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के शिक्षा में उपयोग, एवीपी मॉड्यूल्स तथा आधुनिक शिक्षण तकनीकों से परिचित कराया गया। साथ ही अगस्त्य इंटरनेशनल फाउंडेशन की हैंड्स-ऑन एक्टिविटी बेस्ड लर्निंग पद्धति के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां करवाई गईं।


**नरवाना।** सेमिनार में विधार्थियों को सम्बोधित करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

### एबीवीपी की स्पेशल चांस परीक्षा कराने की मांग

**जींद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) जींद इकाई ने चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन सौंपकर यूजी के 6वें व 8वें सेमेस्टर और पीजी के 4वें सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए जल्द स्पेशल चांस परीक्षा आयोजित करने की मांग की है।

एबीवीपी विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष सतविंदर ढिल्लो ने कहा कि अंतिम सेमेस्टर में एक या दो विषयों में अनुत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को दोबारा परीक्षा के लिए लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है, जिससे उनका शैक्षणिक वर्ष प्रभावित होता है। उन्होंने बताया कि इससे उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं और रोजगार के अवसरों पर भी असर पड़ता है।

# आशा वर्कर्स यूनियन ने मांगों को लेकर नागरिक अस्पताल में किया प्रदर्शन

- आशा वर्करों ने सीएमओ डॉ. सुमन कोहली को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा के आह्वान पर मंगलवार को जींद जिले की आशा वर्करों ने नागरिक अस्पताल परिसर में एकत्रित होकर प्रदर्शन किया और मांगों को लेकर ज्ञापन सीएमओ डा. सुमन कोहली को सौंपा। प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला प्रधान नीलम ने की तथा संचालन जिला सचिव राजबाला ने किया। इस अवसर पर आशा वर्कर्स यूनियन की नेता जगवंती, सीटू जिला अध्यक्ष रमेश चंद्र तथा सीटू जिला उपाध्यक्ष कपूर सिंह ने आशा वर्करों को संबोधित करते हुए कहा कि आशा कार्यकर्ता ग्रामीण और शहरी स्वास्थ्य सेवाओं की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। कोविड महामारी सहित हर स्वास्थ्य अभियान में उन्होंने पूरी निष्ठा से कार्य किया लेकिन सरकार उनकी लंबे समय से लंबित मांगों की लगातार अनदेखी कर रही है। आशा वर्करों का शोषण अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। मांग पत्र के माध्यम से सरकार से मांग की गई कि वर्ष 2025 में केंद्र सरकार द्वारा घोषित 1500 मानदेय वृद्धि को तुरंत लागू किया जाए।



**जींद।** मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए आशा वर्कर्स। *फोटो: हरिभूमि*

---

### शिक्षाविद डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी के लिखे साहित्य पर होगी पीएचडी

**जींद।** शिक्षाविद डा. धर्मदेव विद्यार्थी द्वारा लिखित साहित्य पर अब पीएचडी होगी। यह जानकारी बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय रोहतक के डीन द्वारा जारी पत्र द्वारा दी गई है। जिसमें विश्वविद्यालय के कुलपति की अध्यक्षता में हुई शोध कमेटी की बैठक में धर्मदेव विद्यार्थी साहित्य के विविध आयाम विषय पर शोध कार्य करने के लिए हिसार निवासी संदीप कुमार को अधिकृत किया गया है। इस भाषा का पत्र विभाग अध्यक्ष डा. बाबूराम ने डा. धर्मदेव विद्यार्थी को सौंपते हुए हर्ष प्रकट किया कि हरियाणा में उन जैसे साहित्यकार उपस्थित हैं, जिन्होंने विभिन्न विषयों पर 58 पुस्तक लिखी है। डा. धर्मदेव द्वारा लिखित पुस्तकों में इतिहास, योग, समाज सुधार, भाषा विज्ञान तथा महापुरुषों के ऊपर आधारित चित्र कथाएं व कहानियां लिखी गई है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

**बैठक** सभी व्यवस्थाएं को लेकर समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# प्रधानमंत्री के प्रस्तावित जींद दौरे को लेकर तैयारियां युद्धस्तर पर पूर्ण करें : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जींद जिले में प्रस्तावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को डीसी डा. वैशाली शर्मा ने लघु सचिवालय के सभागार में अधिकारियों की बैठक लेकर कहा कि प्रधानमंत्री का जिला जींद में प्रस्तावित आगमन जिले के लिए गौरव का विषय है। ऐसे में सभी विभाग अपने-अपने दायित्वों का गंभीरताए समन्वय और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग अपने कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करते हुए उसकी अनुपालना रिपोर्ट भी समय रहते जिला प्रशासन को उपलब्ध करवाए। डीसी लघु सचिवालय के सभागार में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा- निर्देश दे रही थी।


**जींद।** बैठक में दिशा-निर्देश देते हुए डीसी डा. वैशाली शर्मा। *फोटो: हरिभूमि*

### यातायात की कार्य योजना बनाएं

डीसी डा. वैशाली शर्मा ने कहा कि यातायात प्रबंधन की कार्ययोजना तैयार की जाए। पार्किंग स्थलों, डायवर्जन, वैकल्पिक मार्गों तथा वीवीआईपी रूट पर यातायात का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जाए ताकि आमजन को भी अनावश्यक असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल एवं रूट पर एम्बुलेंस, चिकित्सकों की टीम तथा आवश्यक दवाइयों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### पीएम 17 को पहली हाइड्रोजन ट्रेन को जींद से हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे : कैप्टन बैरागी



**जुलाना।** जुलाना कस्बे के भाजपा कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने की। बैठक में मुख्यातिथि के रूप में हरियाणा समाज कल्याण बोर्ड के चेयरमैन कैप्टन योगेश बैरागी ने शिरकत की। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कैप्टन योगेश बैरागी ने कहा कि जींद की ऐतिहासिक और पावन धरा पर आगामी 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जींद आ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जींद से देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का लोकार्पण कर उसे हरी झंडी दिखाएंगे। यह ट्रेन से सोनीपत के बीच चलेगी। इसके साथ ही वे हरियाणा को हजारों करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात भी देंगे।

- जींद-सोनीपत रूट पर चलेगी विश्व की सबसे लंबी 10 कोच वाली हाइड्रोजन ट्रेन